प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 सोमवार दिनांक 11.08.2025

मुख्य समाचारः—

- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों को दावा राशि का भुगतान किया—छत्तीसगढ़ के किसानों को भी करीब डेढ़ सौ करोड़ रूपए का भुगतान प्राप्त हुआ।

- राज्यपाल रमेन डेका ने युवाओं से किया आव्हान—डिजिटल तकनीक का उपयोग नवाचार और रचनात्मकता के लिए करें, लेकिन उस पर निर्भरता से बचें।

- राज्य वक्फ बोर्ड ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सभी मस्जिदों, मदरसों और दरगाहों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने का आग्रह किया।
- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल बिलासपुर में आयोजित 'स्वच्छता संगम' में छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर गौरव दिलाने वाली स्वच्छता दीदियों का पद—प्रक्षालन कर सम्मान करेंगे।

<u>किसान—फसल बीमा योजना</u>

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत दावा भुगतान के रूप में देश के पैंतीस लाख से अधिक किसानों को तीन हजार नौ सौ करोड़ रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की। राजस्थान के झुंझुनू में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रिमोट का बटन दबाकर यह राशि हस्तांतरित की। इसके तहत छत्तीसगढ़ के लगभग एक लाख बयालीस हजार किसानों को करीब डेढ़ सौ करोड़ रूपए की दावा राशि का भुगतान किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने फसल बीमा योजना में व्यापक सुधार किए हैं, जिसके परिणामस्वरूप अब किसी गांव में भी फसल का नुकसान होने पर किसान को बीमा क्लेम मिलता है। उन्होंने कहा कि दो हजार सोलह से अब तक देश के किसानों को फसल बीमा क्लेम के रूप में दो लाख बारह हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्राप्त हुई है।

<u>राज्यपाल—कार्यशाला</u>

राज्यपाल रमेन डेका ने युवाओं का आव्हान किया है कि डिजिटल तकनीक का उपयोग नवाचार और रचनात्मकता के लिए करें लेकिन उस पर निर्भरता से बचें। उन्होंने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में आज डिजिटल मानसिक स्वास्थ्य विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि कोविड के बाद डिजिटल माध्यम ने शिक्षा, कार्य और रिश्तों को आसान बनाया पर इससे तनाव, चिंता और अवसाद जैसी समस्याएं भी बढ़ी हैं। योग—ध्यान और संतुलित जीवन अपना कर ही मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत रखा जा सकता है।

कार्यशाला में विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, महाविद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक शोधार्थी, सामाजिक संगठनों से जुड़े बुद्धिजीवी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

स्वतंत्रता दिवस–मुख्य अतिथि

आगामी पन्द्रह अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। वहीं, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह राजनांदगांव, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू बस्तर, उप मुख्यमंत्री अरुण साव बिलासपुर और विजय शर्मा दुर्ग में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे।

इसी तरह, मंत्री रामविचार नेताम सरगुजा, दयालदास बघेल गरियाबंद, केदार कश्यप बालोद, लखन लाल देवांगन कोरबा, श्याम बिहारी जायसवाल जशपुर, ओ.पी. चौधरी रायगढ़, लक्ष्मी राजवाड़े सूरजपुर और टंकराम राम वर्मा जांजगीर–चांपा में ध्वजारोहण करेंगे।

अन्य जिलों में सांसद ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे।

हर घर तिरंगा

छत्तीसगढ़ सहित देशभर में दो से पंद्रह अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सक्ती जिले के लालमाटी, देवरघटा, बोईरडीह, अमोदा और परसदा सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के गांवों, गलियों, शासकीय भवनों, विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनपद पंचायत जैजैपुर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी वर्षा रानी चिकनजुरी ने बताया कि जैजैपुर की विभिन्न ग्राम पंचायतो में सरपंच, पंच, ग्रामवासियों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में पूरे उत्साह के साथ तिरंगा यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

वक्फ बोर्ड–निर्देश

राज्य वक्फ बोर्ड ने पन्द्रह अगस्त स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सभी मस्जिदों, मदरसों और दरगाहों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने का आग्रह किया है। वक्फ बोर्ड कार्यालय की ओर से मुतवल्लियों को जारी पत्र में कहा गया है कि स्वतंत्रता दिवस एक पवित्र अवसर है और इसे सभी धार्मिक स्थलों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर मनाना चाहिए। बोर्ड ने इस दिन को देशभक्ति, एकता और भाईचारे का प्रतीक बनाने पर जोर दिया है।

मुख्यमंत्री–'स्वच्छता संगम'

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल बिलासपुर में आयोजित 'स्वच्छता संगम' में छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय स्तर पर गौरव दिलाने वाली स्वच्छता दीदियों का पद–प्रक्षालन कर सम्मान करेंगे। वे इस दौरान स्वच्छ सर्वेक्षण में अच्छा प्रदर्शन करने वाले नगरीय निकायों को भी सम्मानित करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री दो सौ साठ करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे।

कार्यक्रम में तीन नगर निगमों– बिरगांव, भिलाई–चरोदा और धमतरी तथा तैंतालीस नगर पालिकाओं में ऑनलाइन संपत्ति कर जमा करने की सुविधा के लिए जीआईएस आधारित प्रॉपर्टी टैक्स लाइव पोर्टल को लॉन्च किया जाएगा। इससे एक साथ छियालीस शहरों में ऑनलाइन संपत्ति कर जमा करने की सुविधा मिलेगी। स्वच्छता संगम' कार्यक्रम के दौरान नगरीय निकायों में स्वच्छता और शहरी सौंदर्यीकरण के मानकों को बढ़ाने के लिए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ किया जाएगा।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव तथा केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू भी शामिल होंगे।

उपमुख्यमंत्री–निर्देश

उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए है कि वे अपने जिले में स्थित कॉलेजों और स्कूलों का महीने में एक बार भ्रमण अवश्य करें।

श्री शर्मा ने आज अंबिकापुर में सरगुजा समन्वय केन्द्र में सरगुजा रेंज के सभी पुलिस अधीक्षकों की उच्च स्तरीय बैठक ली। इस मौके पर कानून व्यवस्था की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि थानों में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक और उप पुलिस अधीक्षक प्रत्येक सप्ताह परेड कराएं।

रामानुजगंज—केन्द्रीय विद्यालय

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने प्रदेश के बलरामपुर—रामानुजगंज जिले में जल्द ही केंद्रीय विद्यालय खोलने का आश्वासन दिया है। आदिम जाति विकास मंत्री राम विचार नेताम ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से मुलाकात की। इस दौरान श्री नेताम ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री को बताया कि रामानुजगंज में केंद्रीय विद्यालय खोले जाने के लिए क्षेत्रवासियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा मांग की जा रही है।

संचार ब्यूरो—कार्यक्रम

भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा दुर्ग में बारह से चौदह अगस्त तक तीन दिवसीय एकीकृत संचार तथा जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। "छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता सेनानी और विभाजन की विभीषिका" विषय पर आयोजित होने जा रहे इस कार्यक्रम के कल होने वाले शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि दुर्ग विधायक गजेन्द्र यादव होंगे। पहले दिन "हर घर तिरंगा" रैली निकाली जाएगी। इस अवसर पर सरकारी योजनाओं और उपलब्धियों पर केन्द्रित प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जो हर दिन सुबह दस से शाम पांच बजे तक आम जनता के लिए खुली रहेगी। तेरह अगस्त को क्विज, भाषण, रंगोली और पेंटिंग प्रतियोगिताएं होंगी। वहीं, अंतिम दिन चौदह अगस्त को पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग के सांसद विजय बघेल शामिल होंगे। इसी दिन दुर्ग पुलिस द्वारा साइबर अपराध जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

केरोसिन—आवंटन

खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा राज्य के गैर अनुसूचित क्षेत्रों के गैस कनेक्शनधारी राशनकार्डों में भी पीडीएस के तहत केरोसिन देने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए छत्तीसगढ़ को अगस्त महीने के लिए एक हजार तीन सौ बत्तीस किलोलीटर केरोसिन का आबंटन किया गया है, जिसे उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से हितग्राहियों को वितरित किया जाएगा। इस संबंध में खाद्य विभाग द्वारा प्रदेश के सभी कलेक्टरों और राज्य स्तरीय समन्वयक को पत्र जारी कर दिया गया है।

मिनीमाता—पुण्यतिथि

छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद और समाजसेविका स्वर्गीय मिनीमाता की आज पुण्यतिथि है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका जीवन निस्वार्थ सेवा, अटूट साहस और सामाजिक परिवर्तन का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मिनीमाता जी ने वंचित वर्गों, महिलाओं, दलितों और गरीबों के अधिकारों की रक्षा को अपने जीवन का उद्देश्य बनाया और समाज में सम्मान, समानता और न्याय की नींव मजबूत की।

हाथी—विचरण

बलरामपुर जिले के राजपुर वन परिक्षेत्र के दुप्पी गांव में पिछले दो दिनों से पैंतीस हाथियों का एक दल विचरण कर रहा है। इस दल में चार शावक भी शामिल हैं, जो झुंड के साथ जंगल और सड़क किनारे घूमते देखे जा रहे हैं। हाथियों का यह दल दो दिनों से राष्ट्रीय राजमार्ग—तीन सौ तैंतालीस के आसपास घूम रहा था, जिससे आसपास के गांवों में दहशत का माहौल बना हुआ है। रेंजर महाजन साहू ने बताया कि वर्तमान में किसी भी प्रकार की जनहानि या संपत्ति को नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन इतने बड़े दल की मौजूदगी को देखते हुए सतर्कता बेहद जरूरी है। उन्होंने ग्रामीणों और राहगीरों से अपील की कि हाथियों के पास जाने या उन्हें उकसाने की कोशिश न करें।

महिला आरक्षक–बर्खास्त

नौकरी लगाने के नाम पर पैसे लेने के आरोप में दुर्ग पुलिस की महिला प्रधान आरक्षक मोनिका गुप्ता को नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है। एक व्यक्ति द्वारा की गई शिकायत पर छावनी थाने में मोनिका के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया था। विभागीय जांच के बाद बर्खास्तगी का आदेश जारी किया गया है।

संक्षिप्त समाचार

- न्यायमूर्ति रविन्द्र कुमार ने आज छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के स्थायी न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने उन्हें शपथ दिलाई।
- दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की एथलीट और बिलासपुर रेल मंडल में टिकट कलेक्टर सह वाणिज्य लिपिक के पद पर पदस्थ पूजा ने दस अगस्त को भुवनेश्वर में आयोजित वर्ल्ड कॉन्टिनेंटल ब्रॉन्ज एथलेटिक मीट में महिलाओं की पन्द्रह सौ मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>